धनबाद, शुक्रवार
16 दिसंबर, 2022
आसनसौल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

देश में प्रशिक्षित डाक्टरों की कमी जल्द दूर होगी 11
ओसामा को शरण देने वाला देश न दे उपदेश : जयशंकर 1





## डीपीएस के नन्हे बच्चों ने लिया वनभोज का आनंद

जागरण संवाददाता, आसनसोल: दिल्ली पब्लिक स्कूल के नन्हें बच्चों ने बुधवार को आसनसोल के पैनोरमा वाटर पार्क में जमकर वनभोज का आनंद उठाया। विद्यालय के प्री.-नर्सरी से कक्षा तीन तक के सैकड़ों बच्चों को पार्क में ले जाया गया था।

पार्क में जाते ही बच्चे अपने आनंद के साधनों पर टूट पड़े। पार्क के डैशिंग कार, मैरीगो राउंड, कप-प्लेट, कंगारू एवं किटी राइड पर जमकर बच्चों ने मस्ती की। इसके बाद बच्चों को स्टेच्यू पार्क की सैर भी कराई गई। दो साल कोरोना महामारी की मार झलेने के बाद यह पहली बार था जब बच्चों को वनभोज पर ले जाया गया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा कि एक विशेष टीम के साथ बच्चों को पार्क भेजा गया था। ऐसे मौकों पर बच्चों को आनंद के साथ-साथ काफी कुछ सीखने का भी मौका मिलता है।